हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 7 जनवरी 2024



04 ‘मंडल व ग्राम पंचायत स्तर पर जिले में प्रभारी....



07 1.12 लाख में से साढ़े चार हजार लाड़ली बहना शक के ...






200 मीटर लंबी नाली सह पुलिया निर्माण में मानको की अनदेखी का अंदेशा

# कौतूहल का केंद्र बना देवरी विख की झुनकू ग्राम पंचायत का नरेगा कार्य, उपयंत्री, सचिव अनजान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर/देवरीकलाँ

देवरी विकासखण्ड मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत झुनकू द्वारा निर्मित की जा रही सीमेंट क्रांकीट नाली एवं पुलिया का निर्माण कार्य जन कौतूहल का केन्द्र बना हुआ है। निर्माण कार्य के विषय में विभाग द्वारा तैनात उपयंत्री को कोई जानकारी नही है। साथ ही ग्राम पंचायत सचिव भी मामले में अनमिज्ञता जाहिर कर रहे है। ऐसे में लगभग 25 लाख की लागत से चल रहे निर्माण कार्य को लेकर कई प्रकार की चर्चाये व्याप्त है। मुख्यालय पर चल रहे इस निर्माण को लेकर स्थानीय जन इस कार्य में गुणवत्ताहीन सामग्री के प्रयोग एवं तय मानकों की अनदेखी का अंदेशा जाहिर कर रहे है। परंतु संबंधित जिम्मदारों की अनभिज्ञता ने मामले को और अधिक पेचीदा बना दिया है।






## क्या है पूरा मामला

दरअसल सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र देवरी परिसर एवं सिलारी के ओर जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क के मध्य से होकर बहने वाले बरसाती नाले में पंचायत द्वारा नाली एवं पुलिया का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में प्रभात मेडीकल के सामने से पोस्टमार्टम हाऊस की ओर लगभग 200 मीटर में सीमेंट कांक्रीट नाली निर्माण प्रगतिरत है। साथ ही पोस्टमार्टम हाऊस के सामने पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। लगभग 5 मीटर चौड़ाई वाली नाली की ढलाई के कार्य में लगभग 3 फीट ऊँची दीवाले उठाई जा चुकी है। बिना किसी तकनीकी मार्गदर्शन में मजदूरों के भरोसे चल रहे इस निर्माण को लेकर स्थानीय वाशिंदो में कई प्रकार के संशय व्याप्त है। परंतु निर्माण के संबंध में कोई जानकारी ना मिलने के बाद उनके द्वारा पत्रकारों को जानकारी दी गई थी।

## निर्माण था बेहद जरूरी पर गुणवत्ता पर सवाल

स्थानीय वाशिंदों की माने तो सरकारी अस्पताल परिसर से सटकर बहने वाला यह बरसाती नाला कचरा और गंदगी का सबब बन चुका था। जिसके चलते आवारा सुअर विचरण करते नजर आते थे और सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र की दृष्टि से उसे व्यवस्थित किया जाना आवश्यक था। साथ ही प्रधानमंत्री सड़क के किनारे स्थित गहरे नाले में वाहन चालकों को दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। नाले के कारण सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र के पोस्टमार्टम हाऊस तक पहुँचना संभव नही था जिसके कारण स्थानीय वाशिंदे नाली एवं पुलिया निर्माण की मांग कर रहे थे। परंतु मौजूदा निर्माण कार्य में पारदर्शिता का आभाव एवं जिम्मेदारों की चुप्पी ने कई सवाल खड़े कर दिये।

## नरेगा से चल रहा कार्य जिम्मेदार बने अनभिज्ञ

निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय पत्रकारों द्वारा पंचायत में तैनात उपयंत्री जावरे से जानकारी चाही गई तो उन्होने निर्माण कार्य के स्टीमेट, लागत एवं कार्य विवरण के विषय में अनभिज्ञता व्यक्त कर दी। जबकि उक्त निर्माण कार्य उनके आवास के ठीक सामने मुख्य सड़क पर कराया जा रहा है। कार्य के संबंध में पंचायत सचिव द्वारा जानकारी होने से इंकार किया गया है। जबकि उक्त कार्य के संबंध में नरेगा पोर्टल पर निर्माण कार्य के मस्टरोल जारी किये जाने का विवरण फीड किया गया है। निर्माण कार्य के अब तक 9 मस्टरोल जेनरेट किए गये है जिनका विवरण दर्शित नही है। सिर्फ विवरण में नाली निर्माण प्रभात मेडीकल के सामने से पोस्टमार्टम भवन की ओर दर्शाया गया है। मौजूदा निर्माण कार्य में स्टोन डस्ट का प्रयोग, लोहे थिकनेस एवं बंधाई का स्पान, हार्डकोट की थिकनेस सहित अन्य प्रश्नों के जबाव अभी तक प्राप्त नही हो सके है। शासन द्वारा नरेगा कार्य की प्रक्रिया पेपरलेस किये जाने के आदेश के बाद भी पारदर्शिता का आभाव कई सवालों को जन्म देता है। महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम 2005 मे ऐसे कार्यो में गड़बड़ी को लेकर सख्त प्रावधानों के बाद भी विभाग की उदासीनता सिस्टम को प्रश्नचिन्हत करती है।

## खबर संक्षेप

### अनुविभागीय अधिकारी डेहरिया को सिटी मजिस्ट्रेट का प्रभार

**सागर**। सागर जिले में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह स्थानांतरण संयुक्त कलेक्टर, जिला टीकमगढ़ के पद पर किया गया है। कलेक्टर दीपक आर्य के आदेशनुसार संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह को कार्यमुक्त करने के उपरांत समस्त शाखाओं एवं नगर दण्डाधिकारी, सागर का प्रभार आगामी आदेश पर्यन्त तक अनुविभागीय अधिकारी विजय डेहरिया को अपने कार्य के साथ-साथ सौंपा गया है।

### मनवानी फिल्म्स का डांस सिंगिंग, फैशन शो का ऑडिशन आज

**सागर**। मनवानी फिल्म्स सिन्धु संस्कार के तत्वाधान में आयोजित एक शाम प्रतिभाओ के नाम 2024 नववर्ष सेलीब्रेट जिसमे डांस, सिंगिंग, फैशन शो प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह 14 जनवरी दिन रविवार को रविंद्र भवन के सभागार में होगा। कार्यक्रम सहयोगी डॉ. सुरेशचंद्र रावत, प्रमेन्द्र रिछारिया, सतीश पाठक, सुरेश मोहनानी, अनिल जसवानी, मनोज जैन, चंद्रकांत भाई पटेल ने बताया कि 7 जनवरी को दीपक होटल सिविल लाइन में दोप 12 बजे से शाम 5 बजे तक ऑडिशन होंगे जो प्रतिभागी चयनित होंगे केवल वो ही मंच पर परफॉर्मेंस दे सकेंगे । कार्यक्रम 14 जनवरी दिन रविवार को रविंद्र भवन के सभागार में होगा । इसमें लगभग नए प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है। कार्यक्रम का सञ्चालन एड.महेश नेमा, रवि टांक, प्रतीक्षा पाठक करेंगे ।

### संभागीय पर्यवेक्षक के लिए अनिल पारे को किया गया नियुक्त

**सागर**। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इन्दौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा- 2022, 8 जनवरी से 13 जनवरी तक को निर्धारित 10 संभागीय / जिला मुख्यालय के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा आयोजन की व्यवस्थाओ के अतिरिक्त इस महत्वपूर्ण परीक्षा की प्रकियात्मक निष्पक्षता और नागरिको में उसके प्रति विश्वास बनाये रखने के लिये से.नि. जिला न्यायाधीश अनिल पार को सागर संभाग के संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। संभागीय पर्यवेक्षक अनिल पारे की लायजनिंग व्यवस्था हेतु प्राचार्य महरानी लक्ष्मी बाई कन्या उ.मा.वि. कमांक 1 विनय दुबे को नियुक्त किया गया है। तथा इनके लिपकीय कार्य सहयोग हेतु विपुल गौतम, लिपिक, कार्यालय कार्यपालन यंत्री, आर.ई.एस सागर की डियूटी लगाई गई है।

### ग्राहक मिलन समोराह का आयोजन संपन्न

**सागर**। अपैक्स बैंक संभागीय शाखा सागर में ग्राहक मिलन समोराह का आयोजन शिवेन्द्र देव पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त सहकारिता के मुख्य आतिथ्य में किया गया । कार्यक्रम के प्रारंभ में कमल मकात्रे, संभागीय शाखा प्रबंधक द्वारा ग्राहक मिलन समोराह के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बैंक की गतिविधियों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी, साथ ही ये भी बताया कि बैंक में सावधि निक्षेप पर अन्य व्यवसायिक बैंको की तुलना में अधिक ब्याज प्रदाय किया जा रहा है तथा लॉकर सुविधा भी बहुत कम दर पर उपलब्ध करायी जा रही है। साथ ही बैंक की वित्तीय स्थिति की सुदृढ़ता को दर्शाते हुए बताया की बैंक ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में रु. 193. 34 करोड़ का सकल लाभ एवं रु.128.16 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया है एवं बैंक का नेट एन.पी.ए 1.17 प्रतिशत है जो कि बैंको के लिए निर्धारित मानको के अनुरूप है। शाखा प्रबंधक द्वारा सभी ग्राहकों से अपील की गयी कि अपनी अमूल्य अमानते बैंक में रखे तथा ग्राहकों से बैंक के कार्य कलापों व सेवाओ के सम्बन्ध में सुझाव भी मांगे ताकि ग्राहकों को श्रेष्ठतम सेवाएं प्रदान की जा सके ।

## मध्यान्ह भोजन के बिलों के भुगतान के एवज में रिश्वत लेने वाली आरोपी को 3 वर्ष का कारावास

**सागर** । मध्यान्ह भोजन के बिलो के भुगतान की ऐवज में रिश्वत लेने वाली आरोपी कीर्ति जैन को विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, सागर म.प्र आलोक मिश्रा की अदालत ने दोषी करार देते हुये भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की घारा-7 के अंतर्गत 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दस हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। मामले की पैरवी प्रभारी उप-संचालक (अभियोजन) धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद कुर्मी ने की। घटना संक्षिप्त में इस प्रकार है 27फरवरी 2020 को आवेदक हीरालाल चौरसिया ने पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त सागर को सम्बोधित करते हुये एक शिकायत/आवेदन इस आशय का दिया कि फरियादिया ग्राम सहजपुर में 03 आंगनबाड़ी केन्द्रों का मध्यान्ह भोजन समूह लक्ष्मी बचत समूह चलाती है व समूह की अध्यक्ष है, जब उक्त समूह के फरवरी माह बिल भुगतान हेतु अभियुक्त से मिली, तो अभियुक्त ने 5 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। वह अभियुक्त को रिश्वत नहीं देना चाहती थी, बल्कि रंगे हाथ पकड़वाना चाहती है। जिस कारण उसने अभियुक्त के विरुद्ध लोकायुक्त कार्यालय, सागर में शिकायत के लिये आवेदक हीरालाल चौरसिया को लिखित सहमति देकर कार्यवाही करने हेतु अधिकृत किया। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, वि. पु.स्था. लोकायुक्त कार्यालय, सागर ने उक्त आवेदन पर अग्रिम कार्यवाही हेतु निरीक्षक मंजू सिंह को अधिकृत किया। आवेदन में वर्णित तथ्यों के सत्यापन हेतु एक डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर दिया गया इसके संचालन का तरीका बताया गया, अभियुक्त से रिश्वत मांग वार्ता रिकॉर्ड करने हेतु निर्देशित किया तत्पश्चात आवेदक द्वारा मॉग वार्ता रिकार्ड की गई एवं अन्य तकनीकि कार्यवाहियॉ की गई एवं ट्रेप कार्यवाही आयोजित की गई । नियत दिनॉक को आवेदक द्वारा अभियुक्त को राशि दी गई व आवेदक का इशारा मिलने पर ट्रेपदल ने मौके पर पहुंचकर अभियुक्त को घेरे में लिया। आवेदक से रिश्वत राशि के संबंध में पूछा, तो उसने अभियुक्त द्वारा उससे रिश्वत राशि हाथ में लेकर अपने साथ में लिये काले रंग के पिट्ठू बैग में रख लेना बताया, अभियुक्त से पूछे जाने पर उसने भी ऐसा ही बताया। उक्त आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, घटना स्थल का नक्षा मौका तैयार किया गया अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की घारा- 7, का अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। विचारण के दौरान अभियोजन द्वारा अभियोजन साक्षियों एवं संबंधित दस्तावेजों को प्रमाणित किया गया, अभियोजन ने अपना मामला संदेह से परे प्रमाणित किया। जहॉ विचारण उपरांत न्यायालय-विशेष न्यायाधीष भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, सागर आलोक मिश्रा की न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपरोक्त सजा से दंडित किया है ।

## नगर-निगम सागर को पुनः ओडीएफ डबल प्लस प्रमाणित किया गया

महापौर, निगमाध्यक्ष एवं निगमायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों का सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत नगर को साफ सुथरा बनाने के लिए कई श्रेणियां तय की गई हैं, शासन द्वारा शहरों को ओडीएफ पहले घोषित किया जा चुका है, इसके बाद शासन ने ओडीएफ प्लस-प्लस की श्रेणी के लिए पिछले दिनों शहरों की साफ-सफाई के आधार पर शहरों को पुनः ओडीएफ प्लस-प्लस प्रमाणित करने के लिए सर्वे कराया और इसी तारतम्य में सर्वे की टीम ने पिछले दिनों सागर पहुंचकर फीडबैक लिया और रिपोर्ट शासन को सौंपी जिसके आधार पर नगर निगम सागर को पुनः ओडीएफ प्लस प्लस प्रमाणित किया गया है। नगर निगम महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला सहित निगम पार्षदों ने शहर को पुनः ओडीएफ डबल प्लस प्रमाणित होने पर जनप्रतिनिधियों, नगरवासियों और नगर निगम के अधिकारियों- कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा है कि स्वच्छ भारत मिशन द्वारा शहरों को पुनः ओडीएफ डबल प्लस का दर्जा देने हेतु पूरे देश में प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई थी जिसमें नगर निगम सागर ने भी भाग लिया और नगर निगम के जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और नगर निगम के अधिकारियों- कर्मचारियों द्वारा प्रतिस्पर्धा में स्थान पाने हेतु प्रयास किये गए, जिसके परिणाम स्वरूप सागर नगर निगम को पुनः ओडीएफ डबल प्लस प्रमाणित किया गया है । ओडीएफ डबल प्लस प्रमाणित होने से सागर शहर की सफाई व्यवस्था में और सुधार होगा। उन्होंने सहयोग करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया है।

## राजनीतिक दल अपने-अपने बीएलए नियुक्त कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने में सहयोग प्रदान करें : दीपक आर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

राजनीतिक दल अपने अपने बीएलए नियुक्त कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने में सहयोग प्रदान करें। उक्त विचार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने राजनैतिक दलों की बैठक में व्यक्त किए। इस अवसर पर रामेश्वर नामदेव, मनीष नेमा, शिव शंकर तिवारी,आशीष जोशी, शैलेंद्र तोमर, एसडीएम विजय डहेरिया, प्रमोद रजक, अखिलेश मिश्रा, चक्रेश कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। आर्य ने निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त प्रशिक्षण 2024 मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक में कहा कि सभी राजनीतिक दल समस्त मतदान केन्द्रों पर अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें और ब्लॉक लेवल अधिकारी से सतत संपर्क समन्वय के साथ कार्य करते हुए मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं हटाने का कार्य शुद्धपूर्वक पूर्ण करें। उन्होंने बताया की भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 6 जनवरी को सभी विधानसभाओं की मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जा रहा है। 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक दावे आपत्ति प्राप्त किये जाएगें। 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को विशेष कैम्प की तिथि निर्धारित की गई है। जिसमें भी नाम जोड़े एवं काटे जाने के आवेदन पत्र / आपत्तियां प्राप्त की जावेगी। प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण 2 फरवरी तक किया जावेगा। इसके पश्चात निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जावेगा। इसके लिए जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर कार्यालयीन समय पर बीएलओ उपस्थित रहेगें। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के नाम जोड़े जाने एवं मृत/स्थानांतरित मतदाताओं के नाम काटे जाने हेतु उपरोक्त कार्यक्रम जारी किया गया है। कार्यक्रम के अनुसार नवीन पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जाने एवं मृत/स्थानांतरित मतदाताओं के नाम काटे जाने हेतु सभी राजनैतिक दलों से अनुरोध है कि वे बीएलए के माध्यम से ऐसे मतदाताओं के नाम जोड़ने अथवा काटे जाने हेतु अपने क्षेत्र के बीएलओ को अवगत कराने का कष्ट करें ताकि उनके आवेदन पत्र प्राप्त कर कार्यवाही की जा सके। जिससे मतदाता सूची का शुद्धिकरण होगा। अतः यह कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर करने का अनुरोध है। इस कार्यालय द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन एवं अंतिम प्रकाशन करने पर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को सभी विधानसभाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची का 01 सेट निःशुल्क प्रदान किया जाता है। अतः प्रदाय की गई मतदाता सूची का अध्ययन कर इसमें नाम जोड़ने अथवा काटे जाने के संबंध में संबंधित बीएलओ को अवगत कराने करायें ताकि बीएलओ उचित आवेदन पत्र के अनुसार मतदाता सूची में सुधार करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगा।



## वृत्त स्तरीय प्रशिक्षण सह-कार्यशाला का आयोजन

**सागर**। व्यापी गिद्ध गणना वर्ष 2023-24 हेतु वृत्त स्तरीय प्रशिक्षण सह-कार्यशाला का आयोजन वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व, द्वारा रवीन्द्र भवन सभागार, सागर में आयोजित किया गया। कार्यशाला का उदघाटन वनवृत्त सागर के मुख्य वनसंरक्षक ए.के. सिंह द्वारा किया गया। कार्यशाला में वनमंडल अधिकारी दक्षिण सागर एम.पी. सिंह, उप संचालक वीरागंना दुर्गावती टाइगर रिजर्व डॉ. ए.ए. अंसारी (भा.व.से.), वनमंडल अधिकारी उत्तर सागर, सी.एस. सिंह (भा.व.से.), वनवृत्त के उपवनमंडल अधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी, वनरक्षक, वनपाल तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित लगभग 125 कर्मचारियों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण गिद्ध विशेषज्ञ दिलशेर खांन एवं मोहनदास नागवानी द्वारा दिया गया। गिद्ध गणना इस वर्ष दो बार माह फरवरी एवं माह अप्रैल में संपन्न होगी। इस अवसर पर प्रदेश के नवनिर्मित सातवे टाईगर रिजर्व वीरागंना दुर्गावती टाईगर रिजर्व के लोगो का विमोचन वनवृत्त सागर के मुख्य वनसंरक्षक ए.के. सिंह द्वारा किया गया।

## महाकौशल केशरी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का टीम चयन आयोजन 9 जनवरी को

**सागर**। पुरुष एवं महिला दोनों वर्ग का जूनियर एवं सीनियर कुश्ती टीम का चयन छत्रसाल अखाड़े में दिनांक 9 जनवरी 2024, दिन मंगलवार को प्रातः 9:30 से 11:30 बजे तक किया जावेगा । चयन प्रक्रिया के लिए आधार कार्ड लाना अनिवार्य है ।

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजन

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत गीता का सार, सुखमय जीवन का आधार, गीता ज्ञान यज्ञ का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सागर के तत्वावधान में बाघराज मंदिर, आवासीय कॉलोनीसागर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत गीता का सार, सुखमय जीवन का आधार, गीता ज्ञान यज्ञ का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने परमपिता परमात्मा शिव का आह्वान करते हुए शरीर और आत्मा के सत्य परिचय के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ किया, कि मैं कौन हूँ? हम हर बात में मैं, मैं करते हैं तो ये मैं कहना वाला कौन हैं? शरीर या आत्मा? तो ये मैं कहने वाली आत्मा हैं और मेरा यह शरीर। हमारा शरीर पाँच तत्वों से मिलकर बना है। आत्मा अपने सात गुणों (आनन्द, ज्ञान, शांति, प्रेम, सुख, पवित्रता, शक्ति) का अनुभव तीन शक्तियों के माध्यम से करती हैं- मन, बुद्धि और संस्कार। आत्मा की पहली शक्ति विचार करने की क्षमता हैं, इच्छा शक्ति हैं, कल्पना करने की शक्ति हैं, महसूस करने की क्षमता हैं। मन को चंचल घोड़ा हैं, तो बुद्धि मन की लगाम हैं। बुद्धि- आत्मा की दूसरी सूक्ष्म शक्ति है बुद्धि। मन और बुद्धि का एक दूसरे के साथ गहरा सम्बंध हैं। मन सोचने की शक्ति है तो बुद्धि समझने की शक्ति है। संस्कार- आत्मा की तीसरी शक्ति है संस्कार। मनुष्य अपने मन के विचारों को बुद्धि की विवेक शक्ति से समझकर जब स्वतंत्र इच्छा से कर्म करने लगता हैं, तब वह कर्म आत्मा पर अपना प्रभाव डालता हैं वहीं संस्कार हैं। अब हमें इनके वास्तविक स्वरूप को जान स्वयं को परमात्मा को सौपना हैं निमित्त भाव रख सम्भालना हैं। कहते हैं- आधुनिक महाभारत काल में कौरव कौन? पांडव कौन ? परमपिता परमात्मा शिव इस धरा पर आकर राजयोग सिखला कर, सत्य गीता का ज्ञान, सत्य शिक्षा देकर नर से श्रीनारायण और नारी से श्रीलक्ष्मी बनने का मार्ग बता रहे हैं। गीता का ज्ञान हर धर्म के लिए है। हर मानव के कल्याण की राह श्रीमद भागवत गीता में समाई हुई है। गीता में काम और क्रोध को अग्नि के समान बताया है जो मानव को अंदर ही अंदर जलाते रहते हैं। इसका दुष्प्रभाव हमारे मन के साथ शरीर पर भी पड़ता है। हमें अपने आप को गीता ज्ञान सुनने और उसे धारण करने के योग्य बनाना होगा। क्योंकि ये जो कथा हम सुन रहे हैं ये हमारी ही कथा है। हमारे जन्मों-जन्मों की कथा। तो चलो हम अपने आप को चेक करते हैं - कि हम कौरव हैं? या पांडव? यदि हम पांडव हैं तो युधिष्ठिर की तरह विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी श्रेष्ठता में स्थिर रहते हैं, भीम की तरह आत्मबल, अर्जुन की तरह एकाग्र, सहदेव की तरह सहयोग की भावना और नकुल की तरह देवताओं के जीवन और उनके गुणों की नकल कर हमारा जीवन श्रेष्ठ और सुंदर बना है। यदि हाँ, तो हम सच्चे प्रीत बुद्धि अर्थात पांडव कहलाएंगे। देखो, दुनिया में हर माँ का सपना होता है कि उन्हें श्रीकृष्ण जैसा बच्चा हो। उनके जैसा चरित्र, कर्म, व्यवहार हो, जो कुल का नाम रोशन कर माता-पिता का मान बढ़ाये। इसके लिए जरूरी है, कि माता-पिता को पहले अपने जीवन को श्रेष्ठ, महान बनाना होगा। उन्हें बचपन से जीवन को महान बनाने की शिक्षा देना होगी। अपने बच्चों को बचपन से बड़ों का आदर, स्नेह, सम्मान करना सिखाये।



मेडिटेशन अभ्यास के बाद श्रीमद भागवत जी की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सागर सेवाकेन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी छाया दीदी, ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन, ब्रह्माकुमारी खुशबू बहन, ब्रह्माकुमारी मोनिका बहन, कृष्णगंज वार्ड पार्षद अनूप उर्मिल ने कथावाचक जी का पुष्पमाला से स्वागत किया और अन्य भाई-बहन उपस्थित रहे।



## आयुष्मान भारत उमंग स्कूल हेल्थ व वेलनेस प्रशिक्षण 11 जनवरी तक

**सागर**। आयुष्मान भारत उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर कार्यक्रम अंतर्गत हेल्थ एवं वेलनेस एम्बेसडर (शिक्षक) का प्रशिक्षण 11 जनवरी तक पुरानी कलेक्ट्रेट सभाकक्ष (एसडीएम) कार्यालय सागर में की जा रही है। जिसमें सागर जिलांतर्गत समस्त शासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालय सम्मिलित होना है। प्रशिक्षण उपस्थित अधिकारी एडीपीसी अभय कुमार श्रीवास्तव, एपीसी उमाशंकर चाचोंदिया, सीएमओ डॉ. ममता तिमोरी, डॉ. रोहित पंथ, डीपीएम सीएमएचओ, रोकश कुमार नेमा स्पेशल एजुकेटर, डीईआईसी, मास्टर ट्रेनर लखनलाल पटैल, नमिता खरे, सुश्री नेहा पटैल उपस्थित रहे। उक्त प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा रोचक गतिविधयों के माध्यम से आरोग्य दूतों से परिचय लिया एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम के क्रियान्वयन कर रणनीति से परिचय एवं एम्बेसडर की भूमिका को बताया, आयुष्मान भारत के तहत संचालित उमंग कार्यक्रम का उद्देश्य, शिक्षा, विभाग की सहायता से किशोर एवं किशोरियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर एवं किशोरियों के स्वास्थ्य संबंधी जांच शिविर, आयरन टेबलेट वितरण, तम्बाकू मुक्त विद्यालय की गतिविधियां संचालित कर रहे है एवं आरोग्य दूतों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जीवन कौशल बताए गए, जिससे विद्यार्थी अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का प्रभावी तरीके से सामना कर सकें।

## खबर संक्षेप

### सपा के कार्यकताओं ने ज्ञापन सौंपा



**पलेरा।** जिले की पलेरा तहसील में सपा पार्टी के कार्यकताओं ने मिलकर बेरोजगारी जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की और केंद्र में बैठी भाजपा को आड़े हाथों लिया। जानकारी देते हुए सपा के वरिष्ठ नेता आरडी प्रजापति ने बताया कि शुक्रवार को खरगापुर विधानसभा अंतर्गत पलेरा में सपा पार्टी के कार्यकताओं द्वारा तहसील के अन्दर केन्द्र सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की और राज्यपाल के नाम तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें उल्लेख किया गया कि शराब की दुकानें बंद कि जाए वह बेरोजगारों को रोज़गार दिया जाए या फिर बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। अवैध शराब पर रोक लगाई जाए, डीजे संचालकों को अपना कार्य करने की अनुमति दी जाए। मछुआरों को भूमि आवंटित की जाए। इस प्रकार प्रजापति ने विभिन्न मांगों को ज्ञापन में रखा। सपा दल के नेताओं ने कहा कि यादि मांगें पूर्ण नहीं होती है तो धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान भारी संख्या में सपा पार्टी के कार्यकता मौजूद रहे।

### मॉनिटरिंग समिति की बैठक कल

**टीकमगढ़।** कलेक्टर अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभाकक्ष में 8 जनवरी को 2 बजे से अनुसूचित जाति, जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के लिए आदेशित किया है।

### एसपी ने किया चौकी का औचक निरीक्षण



**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा शनिवार को चौकी खिरिया नाका का औचक निरीक्षण कर चौकी के मालखाना, थाने के रजिस्टर, पेंडेंसी, गुंडा-बदमाश रजिस्टर, हवालात, चौकी भवन की साफ सफाई,पीने के पानी की व्यवस्था, बाथरूम व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, चैक कर चौकी के सभी रजिस्टर अपडेट रखने एवं साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था सही तरीके से रखने हेतु,साथ ही पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को थाने पर नियमित वर्दी में रहने के लिए निर्देशित किया गया।

### मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन

**विदिशा।** मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी को किया गया। 4 से दावे एवं आपत्तियां प्राप्ति किए जाएंगे। जिसकी अंतिम तारीख 22 जनवरी है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जनवरी माह की 13 एवं 20 तारीख को विशेष अभियान के तहत कैंपों का आयोजन कर मतदाताओं के नाम जोड़े जाने का कार्य किया जाएगा। अभियान अवधि के दौरान प्राप्त दावे आपत्तियों का निराकरण शुक्रवार दो फरवरी को किया जाएगा। मापदंडों की जांच करना और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्ति संबंधी कार्य 6 फरवरी तक पूर्ण किया जाएगा। इसके पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन गुरूवार आठ फरवरी को किया जाएगा।

### भारतीय किसान संघ की बैठक हुई

**गुलाबगंज।** शुक्रवार को स्टेट बैंक चौराहा पर भारतीय किसान संघ तहसील गुलाबगंज के दायित्ववान कार्यकर्ताओ की बैठक हुई। प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार बघेल ने बताया की भारतीय किसान संघ का राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें गुलाबगंज क्षेत्र से भी किसानों द्वारा सदस्यता ली गई।

# 'मंडल व ग्राम पंचायत स्तर पर जिले में प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे जो भाजयुमो के कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर पहुंचाएंगे'

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शनिवार को स्थानीय भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा युवा मोर्चा की बैठक संपन्न हुई। जिसमें भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राहुल तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष राम पटेल, प्रदेश मंत्री शुभेंद्रु गौड़ व भाजयुमो जिलाअध्यक्ष इंजी. अभय प्रताप सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे। सर्वप्रथम भाजयुमो जिलाअध्यक्ष इंजी अभय प्रताप सिंह यादव ने जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी जनवरी माह के कार्यक्रम के तहत हमें नए मतदाता युवाओं को जोड़कर युवा मोर्चा को सशक्त बनाना है।




मंडल स्तर व ग्राम पंचायत स्तर पर संपूर्ण जिले में प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे जो भाजयुमो के कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर पहुंचाएंगे। भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष राम पटेल ने कहा कि युवाओं की भागीदारी ही भाजयुमो की ताकत है, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करके युवाओं से घर-घर संपर्क किया जाएगा। भाजयुमो प्रदेश मंत्री शुभेंदु गौड़ ने कहा कि आगामी 24 जनवरी को पूरे देश में 5 हजार जगह व प्रदेश में 460 जगह युवाओं के कार्यक्रम आयोजित होंगे व मोदी जी के संदेश से सबको अवगत कराया जाएगा। वहीं भाजयुमो में प्रदेश महामंत्री राहुल तिवारी ने कहा कि युवाओं के विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

जिसमें वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिता आयोजित होंगी व 12 जनवरी को विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे,अब मातृशक्ति भी प्रतिभागी बनेगी। अब स्वर्णिम समय आया है कि आज भगवान श्री राम का मंदिर बनकर तैयार है।

बैठक में भाजयुमो जिला महामंत्री आदित्य योगी व प्रशांत शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष प्रियंक चीकू यादव, जिला मंत्री मुनेंद्र सेंगर, जिला कार्यालय मंत्री जितेंद्र जैकी यादव, जिला मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी व सह प्रभारी अंकित तिवारी व शिवम विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अनुपम हटैया, मंडल अध्यक्ष अशोक मैडी राय, बृजेंद्र लोधी, कपिल नामदेव, संदीप पटेरिया, रामनरेश यादव, कृष्णकांत तिवारी, चंद्रेश रैकवार, अमर यादव, आकाश यादव, शैलेंद्र घोष सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के उपस्थित रहे।

### मानवीय संवेदना समिति ने जरूरतमदों के साथ गरीबों व असहायों को बांटे कंबल



**टीकमगढ़।** भीषण ठंड में मानवीय संवेदना समिति के सदस्यों द्वारा शनिवार को ग्राम महाराजपुरा में गरीब असहाय लोगों को कंबल बांटे गए। जिससे जरूरत मंद व्यक्ति को इस भीषण सर्दी के मौसम में राहत मिली है। यूं तो नगर में कई संस्थाएं है जो शक्ल देख व स्थान देखकर लोगों को सहायता मुहैया कराती है पर यहां ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंदों को उनकी जरूरत का सामान मुहैया कराकर कुछ लोग ऐसा कार्य कर जाते है जो दूसरों के लिए सीख साबित होता है।



ज्ञात रहे कि समिति द्वारा विगत सोलह वर्षों से ठंड के मौसम में शहर के साथ साथ ग्रामीण इलाकों में जाकर जरूरत मंद लोगों को कंबल दिए जाते हैं। आज कंबल वितरण के दौरान मनीराम कठैल, के एल टेलर, इरफान अहमद, सतीश सूत्रकार, रामचरण अहिरवार, सुनील सूत्रकार, मारूफ टेलर, विनोद राय उपस्थित रहे।

**5 वर्षों से संकीर्तन मंडली को दे रहे कंबल :** शिव धाम कुंडेश्वर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामस्वरूप द्विवेदी ने दो दर्जन गर्म कंबल वितरित लिए। शिव धाम कुंडेश्वर मंदिर परिसर में चल रही अखंड रामधुन करने वाले भक्तों को रामस्वरूप द्विवेदी द्वारा करीब दो दर्जन गर्म कंबल वितरित किए गए। यह कंबल मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष नंदकिशोर दीक्षित द्वारा संकीर्तन मंडली को रामधुन भवन में उन्हें तिलक करके वितरित किए गए। इस मौके पर सुदीप स्टोर देवेंद्र दीक्षित सुनील द्विवेदी शिवम द्विवेदी नरेश पाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## आगामी चार दिनों तक खेत न जाएं किसान भाई, बारिश की संभावना

**टीकमगढ़।** जिले में आने वाले 4 दिनों के दौरान गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा तथा कुछ स्थानों में मध्यम वर्षा होने की संभावना है। अधिकतम तापमान तथा रात के न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डि.से. की गिरावट रहने की संभावना है। हवा की औसत गति 9 से 10 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना हैं।

जिले में आनेवाले 4 दिनों के दैरान गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा तथा कुछ स्थानों में मध्यम वर्षा होने तथा आसमान में बादल छाये रहने की संभावना को घ्यान में रखते हुये किसान भाई फसलों में सिंचाई तथा दवाओं का छिड़काव फिलहाल स्थगित करें। गेंहू की फसल में पत्ते और पौधे पीले हो रहे हैं तो किसान भाई, फसल में ज़ंकि सल्फेट तथा यूरिया का उचित मात्रा में घोल बनाकर मौसम साफ रहने छिड़काव करें। देर से बोई गई सरसों की फसल में निराई-गुड़ाई का कार्य करें एवं वर्तमान मौसम की स्थिति में सरसों की फसल में माहू एवं सफेद रतुआ की निरंतर निगरानी का कार्य करते रहें।रात के तापमान में गिरावट होने के कारण चना तथा मटर की फसल में इल्लियों की सक्रियता में कमी देखी जा रही है, अतरू किसान भाई फसल का निरीक्षण करते रहें।

जिले में आनेवाले 4 दिनों के दैरान गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा तथा कुछ स्थानों में मध्यम वर्षा होने तथा हवा की औसत गति 9 से 10 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना को ध्यान में रखते हुए, किसान भाई तैयार फल, फूल एवं सब्जियों की तुड़ाई का कार्य करें। आर्द्रता अधिक होने के कारण टमाटर में पत्ती झुलसा रोग का संक्रमण हो सकता है। किसान भाई फसल की निगरानी का कार्य करते रहें। आनेवाले 4 दिनों के दैरान गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा तथा कुछ स्थानों में मध्यम वर्षा होने तथा आसमान में बादल छाये रहने की संभावना को ध्यान में रखते हुए, आलू की फसल में पत्ती झुलसा रोग का प्रकोप का प्रकोप बढ़ सकता है। अतरू किसान भाई फसल का निरीक्षण करें।

किसान भाई आनेवाले 4 दिनों के दैरान गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा तथा कुछ स्थानों में मध्यम वर्षा होने तथा आसमान में बादल छाये रहने की संभावना को ध्यान में रखते हुये, पशुओं को सूखी और साफ जगह पर बांधें तथा उन्हें गुड़ के साथ अजवायन मिलाकर खिलाएं, ठंड से बचाने के लिए गाय तथा भैंस के छोटे बच्चों की विशेष देखभाल करें।

## अवैध परिवहन से बन रहे बड़े-बड़े गड्ढे

# क्षेत्र में फल फूल रहा रेत का अवैध कारोबार, अधिकारी बने अनजान

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

**बल्देवगढ़ कुडीला थाना क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन का कारोबार बेखौफ होकर रेत माफिया कर रहे हैं। पुलिस, खनिज विभाग की पकड़ से दूर रेत माफिया अपने निजी स्वार्थ को पूरा करने के लिए राजस्व को लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं।**



कुड़ीला क्षेत्र अंतर्गत रेत माफिया जंगलों में एवं खेतों में अवेध उत्खनन कर पंप से बालू धोकर क्षेत्र में डाल रहे हैं और मोटी रकम वसूल रहे उक्त अवैध कार्य नाबालिकों से भी करवाए जा रहे हैं। पुलिस थाना के सामने से दिन-रात कई वाहन रेत परिवहन करते हुए फर्राटे मार रहे हैं, लेकिन पुलिस इन वाहनों पर कार्यवाही तो दूर रोकना भी उचित नहीं समझ रही। जिससे यह स्पष्ट होता है कि अधिकारियों की मिलीभगत से ही यह अवैध रेत का कारोबार चल रहा है। कई किसानों द्वारा बताया गया कि दिन रात अवैध परिवहन कर रहे ट्रैक्टरों के द्वारा रास्ते में कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे बना दिए हैं जिस कारण से लोगों को निकलने में अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही उनकी फसलों को बेहद नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं कई किसानों का कहना है कि सब मिलीभगत से चल रहा है।

## जनचेतना शिविर का किया आयोजन कानून से संबंधी जानकारी दी



**टीकमगढ़।** जनचेतना शिविर का आयोजन शनिवार को जिले के थाना देहात अन्तर्गत ग्राम श्रीनगर एवं थाना दिगौड़ा अंतर्गत ग्राम मऊबुजुर्ग में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जनचेतना शिविर का आयोजन किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम द्वारा जनचेतना शिविर में आए जनसमूह से चर्चा करते हुए बताया कि सभी लोग समान हैं। लोगों को जाति धर्म के आधार पर वैमनस्यता न रखकर आपस में मिल जुलकर रहना चाहिए तथा एक दूसरे की सहायता करनी चाहिए । वर्तमान में हो रहे साइबर फ्रॉड जैसे अपराधों के बारे में जानकारी देकर इनसे बचाव हेतु जागरूक किया । ट्रैफिक नियमों के बारे में भी जानकारी देते हुए एक्सीडेंट में घायल व्यक्तियों को सहायता देने के बारे में बताया गया। बच्चों एवं महिलाओं पर घटित होने वाले अपराधों तथा उनसे संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा आमजन से उनकी समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण का आश्वासन दिया गया। लोगों से क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को देने तथा उस पर त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी देहात निरीक्षक मनीष कुमार, एवं थाना प्रभारी दीगौड़ा निरीक्षक अनुमेहा, गांव के सरपंच, सचिव, वरिष्ठ नागरिक, महिला एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आज

**विदिशा।** ग्राम कंजेला में रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शिवानी बादल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ रवि पटेल, नाक कान गला डॉ विवेक गुप्ता, डॉ राम दुबे, दंत रोग डॉ प्रीति कौर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। क्लब अध्यक्ष अमोल अग्रवाल, सचिव रोहित गर्ग एवं सभी सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है। शिविर का आयोजन लायंस क्लब विदिशा सनराइज द्वारा नोवासिस सुपर मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल भोपाल एवं विदिशा केयर के सहयोग से किया जा रहा है।

# बीना कप में ग्यारहवें दिन खेले गए 3 मैच विक्टोरिया बीना ने देहरादून को 3 रन से हराया

**बीना।** स्वर्गीय पंडित राकेश सिरोठिया स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्यारहवें दिन कांटे की टक्कर के मैच देखने को मिले। टूर्नामेंट में शनिवार को तीन मैच खेले गए। जिसमें पहला मैच विक्टोरिया इलेवन और मकरोनिया सागर के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए मकरोनिया ने 68 रन बनाए और लक्ष्य का पीछा करते हुए विक्टोरिया ने आसानी से लक्ष्य प्राप्त कर मैच जीत लिया। वहीं दूसरा मैच श्रैयांस इलेवन देहरादून और विक्टोरिया बीना के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए विक्टोरिया ने 62 रन बनाए और शानदार गेंदबाज़ी करते हुए विक्टोरिया ने यह मैच 3 रन से जीत लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच मनीष लोधी ढुरुआ रहे।




तीसरा मैच रेड इलेवन बीना और महूँना इलेवन के बीच हुआ। जिसमें रेड इलेवन ने बल्लेबाजी करते हुए 98 रन बनाए और जवाब में महूँना केवल 68 रन ही बना सकी। इस तरह रेड इलेवन ने 30 रन से मैच जीत लिया।

कुरवाई विधायक हुए शामिल- टूर्नामेंट के ग्यारहवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, विदिशा जिला महामंत्री मुकेश तिवारी, कुरवाई जनपद अध्यक्ष महाराज सिंह डाबरी, सीताराम सैनी, हरिसिंह चौहान सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। वहीं सभी अतिथियों का भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

## पूर्व विधायक ने पत्र लिखकर कहाः नर्मदा का पानी बेतवा में लाने हर सहयोग करने तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने वर्तमान विधायक मुकेश टंडन को पत्र लिखकर कहा है की विदिशा में नर्मदा जल लाने का जो संकल्प लेने की बात विधायक टंडन द्वारा की जा रही है। इस संकल्प में वह विधायक मुकेश टंडन को हर सहयोग करने तैयार हैं।

पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने कहा है की 24 जनवरी 2022 को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर आग्रह किया था और विधानसभा के बजट सत्र 2023 के भाषण में सदन में भी इस संबंध में मांग उठाई थी की राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण से मप्र सरकार के अनुबंध के अंतर्गत सन 2024 तक मप्र राज्य द्वारा मां नर्मदा के जल का उपयोग किया जाएगा, बांकी बचा हुआ जल अन्य राज्यों को आवंटित किया जाए। उन्होंने पत्र में लिखा है की विदिशा जिले की जनता की ओर से निवेदन है की बेतवा नदी में 5 एमसीएम जल तीन माह तक के लिए आरक्षित करवाने की कार्रवाई की जाए। विधायक मुकेश टंडन को लिखे पत्र में पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने कहा है की किसानों की आशा मकोडिया डेम की साध्यता नहीं पाई गई, जिसके विकल्प स्वरूप मेरे द्वारा मप्र सरकार के इंजीनियरों से यह योजना सन 2019 में बनवाई थी।

इस योजना के अंतर्गत कोई भी कृषि भूमि डूब में नहीं आती। नर्मदा नदी से सीधा जल बेतवा नदी में लिफ्ट कर छोड़ने पर ग्राम पग्नेश्वर रंगई, पलोह, मानपुर, बरींघाट, इकोदिया व अन्य उपयोगी जगह पाइप द्वारा लिफ्ट सिंचाई सुविधा किसानों को कम लागत में उपलब्ध हो सकेगी। पाइप द्वारा सिंचाई करने से कम पानी में ज्यादा जमीन सिंचित होगी। 450 एमसीएम जल नर्मदा नदी से बेतवा में छोड़ने पर करीब 1 लाख 57 हजार 500 हेक्टेयर कृषि भूमि रायसेन व विदिशा जिले की सिंचित हो सकेगी। रायसेन व विदिशा सहित अन्य शहरों में पीने के पानी की भी व्यवस्था हो सकेगी। यह योजना कम लागत में बनकर ज्यादा किसानों को लाभ पहुंचाएगी।

### जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे अनुज भार्गव

**विदिशा।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद 5 एवं 6 जनवरी को आईईएस विश्वविद्यालय भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में अनुज भार्गव विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।



### सेक्टर ऑफिसरों के प्रस्ताव भेजने के निर्देश

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव के लिए कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने सेक्टर ऑफिसरों के प्रस्ताव भेजने निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर भार्गव ने बताया कि शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्विघ्न चुनाव कराने 10 से 12 मतदान केन्द्रों पर 1 सेक्टर ऑफिसर नियुक्त किया जाना है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान नियुक्त सेक्टर ऑफिसर को प्राथमिकता से यथावत प्रस्तावित किया जाए, यदि कोई सेक्टर ऑफिसर सेवानिवृत्त या स्थानांतरित हो गए हैं तो उनके स्थान पर अन्य अधिकारी प्रस्तावित किए जाएं।

## अयोध्या के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर घुमंतू समाज के परिवारों को दिया आमंत्रण

# नगर की 20 बस्तियों में पहुंच रहीं अलग-अलग टोलियां 22 जनवरी को 5 दीपक जलाने घर-घर बांट रहे पीले चावल

### अयोध्या की तरह सजेगी बस्ती, घर-घर जलेंगे दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अयोध्या में होने वाले प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर 22 जनवरी को विदिशा में दीपावली मनाने की तैयारी हिन्दू संगठनों द्वारा की जा रही है। कार्यक्रम को लेकर नगर की 20 बस्तीयों में अलग-अलग बैठकें की गई हैं।



जानकारी के अनुसार 20 टोलियां बनाई गई हैं, जो कि घर-घर पहुंचकर प्रत्येक परिवार को अयोध्या से आए चावल देकर श्री राम जी की स्थापना के महत्व को बता रहे हैं। घर-घर दीपावली मनाने का आग्रह कर रहे हैं। शुक्रवार को महालघाट स्थित झुग्गी बस्तियों में घुमंतू समाज के परिवारों को पीले चावल दिए गए। इस दौरान घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू समाज विभाग के जिला प्रभारी सुरेंद्र कुशवाह ने बताया कि 22 जनवरी श्री रामलला प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए पूरे देश में अक्षत वितरण किए जा रहे हैं, स्वयंसेवक घर-घर जाकर अक्षत वितरण कर रहे हैं। घर-घर लोगों से आग्रह किया जा रहा है कि 22 जनवरी को अपने घर में पांच दीपक जलाएं, रंगोली सजाएं।

जतरापुरा, रायपुरा सहित कई स्थानों पर घुमंतू समाज की बस्तियों में दीवाली की तरह पर्व मनाने का आग्रह किया जा रहा है। इन परिवारों में भी स्थापना कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह है। वहीं एक दिन पहले गंगा उपनगर, यमुना बस्ती राजेंद्र नगर बक्सरिया, भोई मोहल्ला झील कुआं में अक्षत एवं राम मंदिर पंपलेट घर-घर वितरण किए गए। अक्षत वितरण कार्यक्रम में विक्की चौधरी, राजा राजपूत, गोविंद प्रजापति, अरुण शर्मा, विजय शर्मा, विशाल कुशवाह आदि मौजूद रहे।

## वैरीफिकेशन के बाद ही डलेंगे खातों में 1250 रुपए

# 1.12 लाख में से साढ़े चार हजार लाड़ली बहना शक के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में चिन्हित एक लाख 12 हजार लाड़ली बहनों में से करीब 4 हजार 500 बहना लाड़ली हैं या नहीं, इस फेर में उलझ गई है। हालांकि, प्रशासन सभी बहनों को पात्र बताते हुए उनके खातों में राशि डालने की बात कह रहा है, लेकिन सरकार ने एक आदेश जारी करते हुए इस योजना के लिए पूर्व में चिन्हित सिर्फ पात्र महिलाओं के नाम ही राशि डालने के लिए पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के तहत श्योपुर जिले में करीब साढ़े 4 हजार महिलाएं ऐसी हैं, जिनके खातों में पहले लाड़ली बहना योजना की राशि डल चुकी है, लेकिन अब उनका नाम पात्र वाली सूची में नहीं आ रहा है। हालांकि, प्रशासन पूर्व में चिन्हित सभी महिलाओं के खातों में 10 जनवरी को रूपए डालने की बात कह रहा है।

सरकार द्वारा लाड़ली बहना योजना के तहत 10 जनवरी को प्रदेश में इस योजना के लिए चिन्हित सभी महिलाओं के खातों में 1250 रूपए की राशि डाली जाएगी। पर इस बार महिला बाल विकास विभाग ने एक आदेश जारी करते हुए सभी जिला कार्यक्रम अधिकारियों को अपने यहां चिन्हित लाड़ली बहनों का वैरीफिकेशन कर पैसे डलवाने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश ने प्रदेश में बवाल मचा दिया है। जहां कांग्रेस इसे योजना में कटौती बताकर बंद करने का षड़यंत्र निरूपित कर रही है, वहीं भाजपाई इसे कांग्रेसियों की हताशा बता रही है। ज्ञातव्य हो कि श्योपुर जिले में एक लाख 12 हजार से अधिक महिलाएं लाड़ली बहना योजना के लिए चिन्हित की गई हैं। इनमें से करीब 4500 महिलाएं ऐसी हैं, जिनके रिकार्ड महिला बाल विकास विभाग दोबारा खंगाल रहा है।



### 8 जनवरी तक होगा पात्र-अपात्र का सत्यापन

विभाग ने महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से लाड़ली बहना योजना के लिए पात्र-अपात्र का वैरीफिकेशन 8 जनवरी तक कराने के निर्देश दिए हैं। 8 जनवरी को जिन महिलाओं को पात्र बताकर उनके नाम पोर्टल पर अपलोड कर दिए जाएंगे, उनके खातो में ही सिंगल क्लिक के माध्यम से 10 जनवरी को 1250 रूपए की किस्त डाली जाएगी। हालांकि, लाड़ली बहनों को इस बात की जानकारी कम ही है कि उनके आवेदनों का परीक्षण दोबारा किया जा रहा हैं, लेकिन विभाग इस काम में जी जान से जुटा हुआ है।

### नई नहीं सतत प्रक्रिया है सत्यापन कराने की

उधर सरकार की ओर से पात्र-अपात्र जांचने के लिए जो पत्र जारी किया है उसे महज औपचारिकता और सरकारी काम में जरूरी बताते हुए नई प्रक्रिया होने से इंकार किया जा रहा है। दरअसल, किसी भी सरकारी योजना में लाभ लेने वाले हितग्राहियों का सत्यापन सरकार ई-केवाईसी के माध्यम से कराती है। लाड़ली बहना योजना में भी सरकार ई-केवाईसी कराकर पात्रता का सत्यापन करा रही है। हालांकि, अधिकतर महिलाओं का ई-केवाईसी और डीबीटी किया जा चुका है, लेकिन सिर्फ साढ़े चार हजार महिलाएं ऐसी हैं, जिनके बैंक खातों का ई-केवाईसी और डीबीटी नहीं हो सका है। इनमें से भी दो हजार से अधिक महिलाओं के के-केवाईसी और डीबीटी कराए जा चुके हैं, बाकी बची महिलाओं के ई-केवाईसी और डीबीटी कराई जाने की प्रक्रिया चालू है। जिन महिलाओं के बैंक खाते ई-केवाईसी और डीबीटी से नहीं जुड़ेंगे, उन्हें जनवरी वाली किस्त अगली किस्त में जोड़कर ई-केवाईसी होने के बाद डाली जाएगी।

### प्रयास जारी

सभी पात्र महिलाओं के खातों में लाड़ली बहना योजना की राशि डाली जाएगी। ढाई हजार के करीब महिलाओं की डीबीटी व केवाईसी रह गई हैं। उसे भी कराने का प्रयास किया जा रहा है।

- रिशु सुमन, नोडल अधिकारी लाड़ली बहना योजना

---

**जनसुनवाई में हुई शिकायत पर कलेक्टर ने सोंई से दांतरदा किया शिक्षक का ट्रांसफर**

# शिक्षक के ट्रांसफर के विरोध में छात्राओं ने जड़ा स्कूल में ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सोंईकलां हायर सेकंडरी स्कूल में शनिवार को उस समय हंगामा हो गया, जब कुछ विद्यार्थियों ने स्कूल के मुख्यद्वार पर ताला जड़ नारेबाजी कर दी। हंगामा इतना अधिक बढ़ गया कि मौके पर एकत्रित हुए छात्र-छात्राओं ने न तो स्कूल प्रबंधन की सुनी और न ही आला अधिकारियों की बात मानी। दो घंटे तक चले इस हंगामें के बाद विद्यार्थियों ने इस आश्वासन के बाद ताला खोला कि सोमवार को अगर शिक्षक की स्कूल में वापसी नहीं हुई तो वह मंगलवार को फिर ताला जड़ देंगे।

एक सप्ताह पहले प्रार्थना को लेकर स्कूल में हुए बवाल की शिकायत कलेक्टर संजय कुमार के पास जनसुनवाई में पहुंची थी। वर्ग विशेष के लोगों ने वहां पदस्थ शिक्षक धनराज नागर पर उनके बच्चों को प्रताड़ित करने और स्कूल में गुटबंदी कराने के आरोप लगाए थे। ज्ञातव्य हो कि एक सप्ताह पहले इसी विवाद को लेकर स्कूल के भीतर विद्यार्थियों में सिर फुड़ाई की नौबत आ गई थी। तब भी स्कूल के भीतर तालाबंदी हुई थी। मामला पुलिस थाने तक पहुंचा था, लेकिन पुलिस ने आपसी मामला होने के चलते बैठकर समझने की ताकीद शिक्षक और अभिभावकों से की। इसके बाद इस मामले की शिकायत अभिभावकों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर से जनसुनवाई में की थी। मामला तूल न पकड़े, इस उद्देश्य से कलेक्टर संजय कुमार ने संबंधित शिक्षक का ट्रांसफर सोंईकलां से दांतरदा हायर सेकंडरी स्कूल में कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर दूसरे वर्ग के विद्यार्थियों ने स्कूल में तालाबंदी कर दी।



### सहायक संचालक के आश्वासन पर खोला ताला

विद्यार्थियों द्वारा तालाबंदी की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे सहायक संचालक प्रमोद सिंह सिकरवार ने विद्यार्थियों और शिक्षकों की बैठक लेकर उन्हें समझाइश दी। दोनों के बीच इस बात पर सहमति बनी कि अभी डीईओ अवकाश पर है। जैसे ही वह सोमवार को श्योपुर पहुंचेंगे, इस मामले को उनके समक्ष रखा जाएगा। इस मामले में डीईओ ही संज्ञा लेने में सक्षम है। इस बात पर विद्यार्थियों ने सहमत होकर स्कूल में जड़े ताले खोलने के साथ चेतावनी दी कि सोमवार को शिक्षक नागर का ट्रांसफर निरस्त नहीं हुआ तो फिर स्कूल में दोबारा से तालाबंदी कर दी जाएगी।

### अभी बच्चों को समझा दिया

27 दिसंबर को छात्रों में आपसी विवाद हो गया था। जो उन्होंने हमें बताए बिना सुलझा भी लिया था। बाद में जनसुनवाई में शिकायत करने पर कलेक्टर ने एक शिक्षक को सोंई से दांतरदा और एक को दांतरदा से सोंई ट्रांसफर कर दिया। इस बात को लेकर छात्रों ने विरोध किया था। अभी समझा दिया है। परीक्षा नजदीक होने के चलते विद्यार्थी संबंधित शिक्षकों को अपनी शाला में पदस्थ करने की मांग कर रहे हैं।

- अशोक महाना
प्राचार्य, हायर सेकंडरी स्कूल सोंईकलां

---

**खुले में मांस-मछली अंडा बेचने वालों पर फिर सख्त हुआ प्रशासन**

# बार-बार चेतावनी के बाद नहीं सुधर रहे लापरवाहों पर नपा ने किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर खुले में मांस-मछली और अंडा विक्रय पर लगाई गई रोक का पालन कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान में लापरवाही और शासन-प्रशासन के निर्देशों की अवहेलना करने वाले दुकानदारों पर नगरपालिका ने जुर्माना और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है।

कलेक्टर संजय कुमार के निर्देश पर नगरपालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक शिशुपाल सिंह तोमर के नेतृत्व में नगरपालिका अमले ने शहर में खुले में बिक रहे मांस-मछली, अंडा के विक्रय रोकने के लिए दिए गए निर्देशों की पालना हो रही है या नहीं, औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाजार में कई स्थानों पर हाथ ठेलों व गुमठियों के माध्यम से सड़क किनारे बेचे जा रहे मांस-मछली, अंडा के विक्रय को रोकने के लिए उनके अतिक्रमण हटाए, वहीं कुछ दुकानदारों पर लापरवाही बरतने पर जुर्माने भी किए। इस क्रम में मछली मार्केट में अफरीदी चिकन सेंटर के संचालक पर 200 रूपए, नहर के पास सड़क किनारे मछली बेचने वाले नेमीचंद बाथम पर 300 रूपए एवं सलापुरा नहर के आगे नागदा रोड पर मुर्गा बेचने वाले मुमताज अली पर 300 रूपए का जुर्माना किया।



---

# विधानसभा चुनाव में भितरघात करने वाले 11 नेता भाजपा से निष्कासित

*भाजपा प्रत्याशी दुर्गालाल विजय की शिकायत पर हुई कार्रवाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विधानसभा चुनाव में भिरतघात करने वाले 11 बड़े नेताओं पर कार्रवाई करते हुए उनकी सदस्यता समाप्त करने की कार्रवाई जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र जाट ने की है। जिलाध्यक्ष जाट ने यह कार्रवाई प्रदेश नेतृत्व को विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे दुर्गालाल विजय द्वारा की गई शिकायत के आधार पर की हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने जिन भाजपा नेताओं को पार्टी से निष्कासित किया हैं उनमें पूर्व नपाध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दौलतराम गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राधेश्याम रावत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कविता मीणा, वरिष्ठ भाजपा नेता मूलचंद रावत, जनपद अध्यक्ष रीना मीणा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र मीणा, भाजपा नगर मंत्री मुकेश सुमन, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष कपिल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष पिछड़ावर्ग मोर्चा महावीर सुमन, पूर्व पार्षद रामस्वरूप वैष्णव, किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर मीणा के नाम शामिल हैं। निष्कासित किए गए नेताओं की सूची प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, संभागीय प्रभारी विजय दुबे, जिला प्रभारी राधेश्याम पारीक को भेजी गई हैं। उक्त नेताओं पर पार्टी प्रत्याशी के बजाए कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करने और पार्टी प्रत्याशी को हराने का आरोप है।


---

# इतना भारी भरकम आया बिजली बिल, जिसे देख उड़े परिवार के होश

*जिस घर में आ रहा 200 से 300 रूपए का बिजली बिल, उसे कंपनी ने थमाया एक महीने का 30 हजार से ज्यादा का बिल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मंदिर की पूजा अर्चना कर किसी तरह गुजर-बसर करने वाले एक परिवार के घर पर बिजली कंपनी ने एक महीने का बिजली बिल 30 हजार 24 रुपए का थमा दिया। जिसे देखकर पूरे परिवार के लोग होश उड़ गए हैं। होश उड़े भी क्यों नहीं, क्योंकि इस परिवार के पास हर महीने 200 रुपए से लेकर 300 रुपए तक का बिजली बिल आता है। इसके बाद इस परिवार को अचानक 30 हजार से ज्यादा का बिजली बिल थमा दिया गया। अब यह परिवार इस बिजली बिल को सुधारने के लिए बिजली कंपनी के कार्यालय से लेकर जनसुनवाई तक चक्कर लगा चुका है, वावजूद इसके, बिजली बिल की राशि में सुधार नहीं किया जा रहा है।


Madhya Pradesh Madhya Kshetra Vidyut Vitran Company Ltd. bhopal : Energy Bill

शहर श्योपुर की मधुवन कॉलोनी निवासी महावीर शर्मा ने बताया कि उसके घर पर 20 साल से बिजली मीटर लगा हुआ है और वह महीने मीटर रीडिंग के हिसाब से बिजली बिल अदा करता है। उसके ऊपर किसी तरह का कोई पिछला बिजली बिल भी बकाया नहीं है। इसके बाद भी उसे जुलाई 2023 माह का बिजली बिल 30 हजार 24 रुपए थमा दिया है। मीटर में 3054 रीडिंग की बिजली खपत बताई गई है। जबकि बीते 20 साल में इतनी बिजली की खपत कभी नहीं हुई और न ही उसे अब इतनी बड़ी हुई राशि का बिजली बिल दिया गया। इतनी बड़ी हुई राशि के बिजली बिल को देखकर पूरे परिवार के लोग हैरान है। स्वयं बिजली कंपनी के अधिकारी भी इस बात को मान रहे हैं कि सामान्य परिवार में एक महीने में इतनी बिजली की खपत होना संभव नहीं है, इसलिए बिजली कंपनी ने उसके घर पर दूसरा मीटर लगा दिया और उस मीटर को जांच के लिए गुना भेज दिया है। लेकिन बिजली बिल में सुधार आज तक नहीं किया है। परेशान उपभोक्ता ने उसके बिजली बिल में सुधार किए जाने की मांग की है। इस संबंध में बिजली कंपनी के महाप्रबंधक आरके सक्सैना से उनका पक्ष जानने के लिए उनके विभागीय मोबाइल नंबर पर कई बार कॉल किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

---

# एक एएसआई, 6 प्रधान आरक्षक सहित 15 पुलिसकर्मी इधर से उधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के पुलिस विभाग में पुलिसकर्मियों का तबादला होने का सिलसिला चल रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ रायसिंह नरवरिया ने 15 पुलिसकर्मियों को इधर से उधर स्थानांतरित कर दिया है। इनमें 1 एएसआई, 8 प्रधान आरक्षक तथा 6 आरक्षक शामिल है। एसपी कार्यालय से जारी आदेश के मुताबिक एएसआई शीतेन्द्र राजावत को थाना विजयपुर से आवदा, प्रधान आरक्षक रमेश पनोईया को पुलिस लाइन से बरगवां, वीर सिंह भदौरिया को बडौदा से पुलिस लाइन, कृष्णपाल धाकड को पुलिस लाइन से बडौदा, संदीप शर्मा को दुर्गापुरी पुलिस चौकी से थाना अजाक, हरिमोहन गुर्जर को वीरपुर से मानपुर, अखिलेश भदौरिया को दुर्गापुरी चौकी से देहात, कौशल किशोर शर्मा को विजयपुर से दुर्गापुरी चौकी, सतेन्द्र वैस को वीरपुर से दुर्गापुरी चौकी, आरक्षक शैलेन्द्र रावत को पुलिस लाइन से यातायात, विनोद रावत को यातायात से मानपुर, उपेन्द्र सिंह को मानपुर से पुलिस लाइन, बेताल सिंह तोमर को रघुनाथपुर से बरगवां, रूपसिंह रावत को बरगवां से रघुनाथपुर, दशरथ गुर्जर को अगरा से गसवानी थाने में पदस्थ किया गया है।

---

# श्रीवास्तव बने विजयपुर एसडीएम नीरज शर्मा का दतिया तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

संयुक्त कलेक्टर नीरज शर्मा का तबादला दतिया होने जाने के बाद डिप्टी कलेक्टर बीएस श्रीवास्तव विजयपुर एसडीएम बनाए गए।

ज्ञातव्य हो कि विजयपुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नीरज शर्मा का स्थानांतरण शासन द्वारा जारी की गई ट्रांसफर सूची में दतिया जिले में हुआ है। एसडीएम नीरज शर्मा का ट्रांसफर अन्य जिले में होने जाने के बाद विजयपुर में एसडीएम पद के लिए बीएस श्रीवास्तव के साथ हाल ही में डिप्टी कलेक्टर बनाए गए पूर्व तहसीलदार संजय जैन दावेदार थे, लेकिन कलेक्टर संजय कुमार ने वरिष्ठता का ध्यान रखते हुए बीएस श्रीवास्तव को ही विजयपुर में अनुविभागीय अधिकारी की कमान सौंपी।

---

**एसडीएम को रामपुरा डांग के प्राथमिक स्कूल में मिली स्थिति, जताई नाराजगी**

# 5वीं कक्षा के बच्चे नहीं पढ़ पाए हिंदी की किताब, 2 का पहाड़ा भी नहीं सुना सके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई का स्तर सुधारने के लिए भलेही सरकार कई तरह के प्रयास कर रही हो, लेकिन इसके बाद भी बच्चों की पढ़ाई का स्तर सुधरने के बजाए बिगड़ रहा है। इसकी बानगी शनिवार को शहर के नजदीकी गांव रामपुराडांग में संचालित शासकीय प्राथमिक स्कूल में तब देखने को मिली। जब इस स्कूल का निरीक्षण करने के लिए प्रभारी एसडीएम श्योपुर संजय जैन पहुंचे। यहां कक्षा पांचवी के बच्चे न तो हिंदी की किताब पढ़ पा रहे हैं और न ही एबीसीडी लिख पा रहे हैं। उन्हें 2 का पहाड़ा भी मालूम नहीं है।

दरअसल कलेक्टर संजय कुमार ने दो दिन पहले ग्रामीणों की शिकायत पर रामपुरा डांग के सरकारी प्राथमिक स्कूल में बच्चों की पढाई का स्तर जांचने के निर्देश एसडीएम श्योपुर को दिए थे। कलेक्टर के निर्देशों के क्रम में प्रभारी एसडीएम श्योपुर संजय जैन शनिवार को रामपुरा डांग के प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम संजय जैन तब भौचक रह गए, जब उन्हें स्कूल में दर्ज 31 बच्चों में से महज 8 बच्चे ही उपस्थित मिले। पांचवी कक्षा के बच्चे न तो हिंदी की किताब पढ़ सके और न ही एबीसीडी लिख सके। यही नहीं, पूछने पर वे 2 का पहाड़ा भी नहीं सुना सके। दो में से एक शिक्षक इरशाद हुसैन बीते 15 दिन से गैरहाजिर मिला है।



### आंगनबाड़ी केन्द्र में नहीं मिला एक भी बच्चा

रामपुरा डांग के सरकारी स्कूल के बगल में आंगनबाड़ी केन्द्र भी संचालित है। एसडीएम संजय जैन ने स्कूल का निरीक्षण करने के बाद लगे हाथ इस आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण कर लिया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका उपस्थित मिली, लेकिन बच्चा एक भी नहीं मिला। जबकि इस आंगनवाडी में 81 बच्चे दर्ज है।

### निरीक्षण किया

रामपुरा डांग के स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान स्थिति अच्छी नहीं मिली। एक शिक्षक भी 15 दिन से गैरहाजिर मिला। निरीक्षण का प्रतिवेदन कलेक्टर साहब की ओर भेज दिया है।

- **संजय जैन,** प्रभारी एसडीएम, श्योपुर

---

**मोबाइल रिंगटोन से लेकर कॉलर ट्यून हो रही राममय**

# राममय हुई शिव नगरी श्योपुर, कलश शोभायात्रा के बाद अब घर-घर हो रहा पूजित अक्षत का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इन दिनों शिव की नगरी श्योपुर राममय होती नजर आ रही है। शहर से लेकर गांवों तक राम भक्ति की बयार बह रही है। इसकी वजह भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होना है। इसके चलते जिले के युवाओं के मोबाइल में रामनाम की रिंगटोन से लेकर कॉलर ट्यून व धुन बजने लगी है। जिले में हजारों मोबाइलों पर सियापति राम, राम आएंगे, मेरी झोपड़ी के भाग, जय सियाराम और रामजी से कहना जय सियाराम गीत की रिंगटोन लगा रखी है। वहीं शहर से गांवों तक अक्षत कलश शोभायात्राएं निकाले जाने के बाद अब घर-घर अक्षत वितरण किया जा रहा है। संघ परिवार के लोग घर-घर पहुंचकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत लोगों को देकर उन्हें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दे रहे हैं।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर शहर श्योपुर सहित पूरे जिले का माहौल राममय हो गया है। शहर श्योपुर सहित बडौदा, ढोढर, प्रेमसर, सोईकलां, दांतरदा, कराहल, वीरपुर और विजयपुर में अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश की शोभायात्राएं निकाली गई। गाजेबाजे के साथ निकाली गई इन शोभायात्राओ के दौरान बडी संख्या में लोगों की आस्था उमडती दिखी। वहीं रामजी के जयकारो से पूरा वातावरण राममय हो गया। पूजित अक्षत कलश शोभायात्रा का दौर थमने के बाद अब अक्षत वितरण कार्यक्रम शुरू हो गया है। इसके तहत भाजपा सहित संघ के परिवार के लोग टोलियों में बंटकर घर-घर पहुंच रहे है और लोगो को 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण दे रहे है। यह सिलसिला एक जनवरी से शुरू हो गया है, जो 15 जनवरी तक चलेगा।



### 22 जनवरी को दिवाली मनाने का आग्रह

शहर सहित जिलेभर में हिंदूवादी संगठनों के लोग गांव-गांव और घर-घर जाकर पूजित अक्षत लोगों को दे रहे हैं और उन्हें 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण दे रहे हैं। साथही उनसे आग्रह भी कर रहे हैं कि 22 जनवरी को अपने गांव और मोहल्ले के मंदिर को ही अयोध्या मानकर वहां उपस्थित होने तथा धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करें। इसी दिन रात्रि के दौरान घर-घर दीपक जलाकर दिवाली मनाएं।

### जयरामजी से लेकर जयश्रीराम से अभिवादन

अब तक अंचल में ही लोग एक-दूसरे को नमस्ते की जगह जयश्री राम कर रहे थे लेकिन अब कुछ दिनों से लोगों ने अपने मोबाइल की रिंगटोन और कॉलर टयून भी बदल ली है। भगवान राम की धुन रिंगटोन में बज रही है। बोलचाल की भाषा में भी युवा जय रामजी की से लेकर जय श्री राम का अभिवादन करने लगे हैं। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के मोबाइल की रिंगटोन व कॉलर टोन पर भगवान राम का नाम सुनाई दे रहा है।

---

### मुक्तिधाम के रास्ते में फिर किया अतिक्रमण, प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

**श्योपुर।** नजदीकी ग्राम पंचायत रायपुरा के ग्राम जाटखेडा में मुक्तिधाम के रास्ते पर अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण हटाने के बाद फिर से अतिक्रमण कर लिया। जिसकी जानकारी मिलने पर प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ शनिवार को फिर मौके पर पहुंची और बुलडोजर चलाकर मुक्तिधाम के रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त करा दिया। दरअसल जाटखेड़ा में मुक्तिधाम पर जो रास्ता जाता है,उस रास्ते में गांव के प्रभावशाली लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिसे पिछले दिनों प्रशासन की टीम ने हटा दिया था। इसके बाद यहां ग्राम पंचायत सीसी रोड निर्माण शुरू करवाती,उसके पहले ही ग्रामीणों ने फिर से अतिक्रमण कर लिया। जिससे सीसी रोड का निर्माण कार्य रूक गया। इस मामले की जानकारी कलेक्टर संजय कुमार के पास पहुंची तो उन्होंने तहसीलदार श्योपुर प्रेमलता पाल को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। तहसीलदार प्रेमलता पाल के निर्देश पर राजस्व अमला पुलिस बल के साथ शनिवार को जाटखेड़ा पहुंचा और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान हल्का पटवारी पुरूषोत्तम राठौर और देहात थाना स्टाफ व रायपुरा सरपंच रामलेखा रामअवतार मीणा आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा शुक्रवार को तहसील अशोकनगर परिसर स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था,साफ-सफाई एवं सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के.कुमार.प्रजापति,जिला कोषालय अधिकारी जितेन्द्र कुमार आर्य,निर्वाचन सुपरवाईजर रज्जाक खांन उपस्थित थे।

### सम्मान समारोह कल

**अशोकनगर।** कपडा एसोसिएशन अशोकनगर की ओर से 7 जनवरी को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस सम्मान समारोह में अशोकनगर और चंदेरी के विधायक शामिल होगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष जैन सीटू और सचिव अनूप जैन महावीरा ने बताया कि नव वर्ष के अवसर पर यह कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय दयोदय पषु सेवा केन्द्र ईसागढ रोड अशोकनगर पर आयोजित किया गया है। इस दौरान एसोसिएशन द्वारा दोपहर 11 से 12 बजे तक बैठक आयोजित की गई है और 12 से 01 बजे तक दोनो विधायको का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। इस मौके पर आयोजित बैठक में एसोसिएशन द्वारा व्यवसाय के क्षेत्र में आने वाली समस्यओ पर भी प्रकाश डाला जाएगा।

### मोहनपुर में हुए उपचुनाव



**चंदेरी।** जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत मोहनपुर में उपचुनाव कल शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए बता दें कि ग्राम मोहनपुर में पहले पूर्व सरपंच का बीमारी के चलते निधन हो गया था जिसके बाद यह पंचायत खाली पड़ी हुई थी अब विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद इस पंचायत के चुनाव कल शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए यह सीट महिला आरक्षित सीट थी और इस सीट पर कई लोग खड़े हुए थे जो अपने पक्ष में वोटिंग करने के लिए कई दिनों से मेहनत कर रहे थे लेकिन कल यहां चुनाव हो गए हैं अब यहां के लोगों को आने वाली 9 जनवरी का इंतजार है।

### युवक ने की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत ग्राम ककराई निवासी प्रमोद पुत्र रामकृष्ण रघुवंषी उम्र 25 साल ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### दो मामलों में बने दहेज प्रताड़ना के प्रकरण

**अशोकनगर।** पिपरई थाने के अंतर्गत केशोपुर निवासी शिवानी पत्नी अंकेश पाल उम्र 20 साल की 1 दिसंबर 2023 को पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था। उक्त मामले की जांच मुगावली एसडीओपी देव नारायण यादव द्वारा की गई थी। जांच के बाद पुलिस ने पति अंकेष द्वारा अपनी पत्नी को दहेज के लिए प्रताडित करना पाया था।जिसमे महिला की हदृय व श्वास गति रूकने से मौत हो गई थी। इसी प्रकार जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम करैदी निवासी रूबी जाट पत्नी मनीष जाट उम्र 26 साल की 26 नबंबर 2023 को मौत हो गई थी। उक्त मामले पर पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक विजय सिंह मीना द्वारा की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने ससुराल पक्ष के मनीष जाट, शनि जाट, मुकेश जाट ,आषा जाट,आरती जाट निवासी गुलाब गंज के विरूद मामला दर्ज किया है।

### बेटी को बचाने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

# धमकी देकर 7 साल से करा रहा वैश्यावृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ -शिवपुरी

शिवपुरी शहर के देहात थाना क्षेत्र के रेड लाइट एरिया में जबरन वेश्यावृति करवाने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि उसके मामा ने उसे 7 साल पहले धंधा करने के लिए मजबूर कर दिया था। अब वह मेरी बेटी से भी यही काम करवाना चाहता है। महिला ने शुक्रवार को एसपी ऑफिस पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़ित महिला का कहना है कि उसका मामा सालों से धमकाकर वेश्यावृति करवा रहा था। अब वह बेटी को भी बेचना चाहता है।



#### मां कैंसर पीड़ित थी

पीड़ित महिला ने बताया कि उसकी मां कैंसर की बिमारी से पीड़ित थी, इसलिए वह मां के साथ अपने मामा के साथ रहती थी। पीड़िता का कहना है कि उसके मामा समीर ने उसे 7 साल पहले जबरन वेश्यावृत्ति के धंधे में उतार दिया। मेरा मामा मुझसे देहात थाना क्षेत्र के रेड लाइट एरिए में वेश्यावृति करवाता था, मेरी मां को कैंसर था इसलिए वह इसका विरोध नहीं कर पाती थी। कुछ महीने पहले हुई मां की मौत के बाद उसने जब वेश्यावृति का विरोध किया तो वह उसकी बेटी को जान से मारने की धमकी देकर और उसे बेचने का डर दिखाकर उससे वेश्यावृति का धंधा करवाना चाहता था। इसके बाद वह अपनी बेटी बचाने उसे को लेकर भाग गई थी। कुछ दिन महाराष्ट्र में गुजारने के बाद मैं वापस लौटी हूं। महिला ने बताया कि उसकी बेटी को दस्तावेजों में अपनी बेटी बताया हुआ है और अब उसकी बेटी को उन्हीं दस्तावेजों के आधार पर अपनी बेटी बता कर हथियाना चाहता है। इस बात की शिकायत आज पुलिस अधीक्षक से शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

#### रेड लाइट एरिया में हो रही वैश्यावृति बंद कराने की मांग

महिला ने अपने आवेदन में देहात थाना क्षेत्र के रेड लाइट एरिया में अवैध रूप से जारी जिस्म फरोशी के धंधे को बंद कराने की गुहार लगाई है। महिला ने आवेदन लिखा है कि रेड लाइट एरिया में अवैध रूप से धंधा खुलेआम चल रहा है। यह बंद होना चाहिए।

## कोर्ट ने सौतेले पिता को सुनाया आजीवन कारावास

**शिवपुरी ।** शिवपुरी जिला न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश एके गुप्ता ने ढाई साल के बेटे को जमीन पर पटककर मारने वाले कलयुगी सौतेले पिता को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व 500 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। पिता ने बेटे को बाहर खेलने जाने से मना किया था। हालांकि वह खेलने चला गया, इसी बात पर से पिता ने इस नृशंस हत्याकांड को अंजाम दिया। मामले में पीड़ित पक्ष से पैरवी शासकीय अपर लोक अभियोजक मनोज सिंह रघुवंशी ने की। अभियोजन के मुताबिक शहर के कोतवाली अंतर्गत मनियर में आदिवासी बस्ती निवासी लखन (25) पुत्र बिलाखी आदिवासी ने 4 अक्टूबर 2022 की रात ढाई साल के सौतेले बेटे जस्सी सिंह की पहले बेल्टों से पिटाई की और फिर जमीन पर पटककर उसकी हत्या कर दी। इतना ही नहीं मामले को दबाने के लिए बेटे का शव दीवान (पलंग) में लेटाकर उसके ऊपर बिस्तर बिछा दिए। इसके बाद किसी पड़ोसी ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जिस पर से मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरोपी लखन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में मृतक की मां रानी आदिवासी की शिकायत पर लखन आदिवासी पर हत्या व शव को छिपाने की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर चालान कोर्ट में पेश किया। मामले में दोनो पक्षों की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने लखन को दोषी माना और उसे आजीवन कारावास व 5 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।



## प्रहलाद भारती ने संभागीय समीक्षा बैठक में उठाया सरकुला बांध और सड़क का मुददा

**शिवपुरी।** प्रदेश के यशस्वी मुख्यामंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा संभागीय आयुक्त कार्यालय ग्वालियर में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में म.प्र. पाठ्यपुस्तक निगम के उपाध्ययक्ष, राइयमंत्री दर्जा प्रहलाद भारती उपस्थित रहें। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्थाव को लेकर समीक्षा बैठक ली। भारती जी ने संभागीय समीक्षा बैठक में पोहरी क्षेत्र में विगत 06 वर्ष पूर्व स्वीकृत सरकुला मध्यम सिंचाई परियोजना के निमार्ण कार्य का मुददा उठाया। विदित है कि प्रहलाद भारती द्वारा अपने विधायक कार्यकाल में वर्ष 2018 में सरकुला मध्यम सिंचाई परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति कराई गयी थी उक्त बांध निमार्ण कार्य का भूमिपूजन वर्ष 2020 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योयतिरादित्या सिंधिया जी द्वारा किया गया था परन्तु उक्त सिंचाई परियोजना के भूमिपूजन को लगभग 0& वर्ष हो चुके है जबकि बांध का निमार्ण अभी 08 प्रतिशत भी पूर्ण नही हुआ है। जबकि निमार्ण कार्य हेतु तीन वर्ष का अवधि निर्धारित की गयी थी। भारती द्वारा उक्त बांध का गुणवत्तापूर्ण निमार्ण कार्य शीघ्र कराये जाने का मुददा उठाया। साथ ही भारती जी द्वारा शिवपुरी से श्योपुर रोड़ का पुनः डामरीकरण कराये जाने की मांग भी की गयी। एमपीआरडीसी द्वारा कई वर्षो पूर्व शिवपुरी से श्योपुर सडक का निमार्ण किया गया था विगत वर्ष उक्त सडक पर वाणिज्य टोल भी प्रारंभ किये गये है परन्तु सड्क पर डामरीकरण नही कराया गया है जिससे शिवपुरी से श्योपुर तक मार्ग काफी खराब स्थिति में है।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर में ली संभागीय समीक्षा**

## संकल्प यात्रा में 72 वर्षीय पूर्व सीएमओ ने लगाया शीर्षासन

### पूर्व सीएमओ व सीनियर सिटीजन ने आधा घंटे तक लगाया शीर्षासन

**शिवपुरी।** शिवपुरी नगर पालिका के पूर्व सीएमओ और 72 वर्षीय सीनियर सिटीजन रामनिवास शर्मा ने इस समय निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शीर्षासन लगाकर योग का महत्व लोगों को बतायाा। शिवपुरी नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत मानस भवन में शुक्रवार को लगाए गए शिविर के दौरान योग का महत्व बताते हुए पूर्व नगर पालिका सीएमओ और सीनियर सिटीजन रामनिवास शर्मा ने यहां पर करीब आधा घंटे तक शीर्षासन लगाया।

पूर्व सीएम रामनिवास शर्मा ने बताया कि वह कई वर्षों से योगासन करते हुए आ रहे हैं। खासकर शीर्षासन वह अपने घर पर एक घंटे के लिए लगाते हैं। इस दौरान उन्होंने इस शीर्षासन का महत्व बताते हुए बताया कि इस शीर्षासन से शरीर स्वस्थ रहता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। उन्होंने बताया कि इस शीर्षासन के अलावा और भी कई योग क्रियाएं वह करते हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जब स्कूली छात्रों द्वारा योग प्रदर्शन किया जा रहा था। तो इस दौरान पूर्व नगर पालिका सीएमओ रामनिवास शर्मा ने भी शीर्षासन लगाने की अनुमति मंच पर मौजूद शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन और नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा से मांगी। इस दौरान मंच पर मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष राजू बाथम सहित अन्य भाजपा नेताओं ने भी पूर्व सीएमओ को शीर्षासन के लिए प्रेरित किया। इसके बाद पूर्व सीएमओ रामनिवास शर्मा ने शीर्षासन लगाकर योग का महत्व बताया। शिविर में इस मौके पर मौजूद सभी लोगों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह वर्धन किया।

**शिविर में मौजूद लोगों ने बजाई तालियां और उत्साह बढ़ाया**

### अनियंत्रित होकर बिजली के खंबे से टकराया डंपर

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के करैरा थाना क्षेत्र के हाजिनगर मोड़ पर गुरुवार रात एक डंपर डिवाइडर पर चढने के बाद बिजली के खंभे से टकरा गया। इस घटना में ट्रक स्टाफ घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए करैरा के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक एक खाली डंपर करैरा से चलकर भितरवार की ओर जा रहा था। इसी दौरान करैरा से 3 किलोमीटर दूर हाजिनगर मोड़ पर डंपर डिवाइडर पर चढ़कर अनियंत्रित होकर एक बिजली के खंभे से टकरा गया। घटना में बिजली का खंभा पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद बिजली के तार सड़क पर बिखर गए। इसके चलते सड़क पर काफी देर तक जाम लग रहा। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर बिजली सप्लाई को बंद कराने के बाद तारों को हटाया तब कहीं जाकर आवागमन को पुनः शुरू हो पाया। इस घटना में डंपर का ड्राइवर ताराचंद झा और क्लीनर घायल हुआ है जिसका उपचार करैरा के स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

## ड्रायक्लीन के लिए आए कपड़ों में मिले पचास हजार रुपए

### लाउंड्री संचालक ने लौटाए, मालिक ने खुश हो दिया 2100 रुपए का इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शिवपुरी शहर में लांड्री संचालक को ड्राइक्लीन के लिए आए कपड़ों में 50 हजार रूपए मिले। लेकिन उसके मन में लालच नहीं आया। वह तत्काल असल मालिक के पास पहुंचा और पैसे लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की। ग्राहक ने खुश होकर लांड्री संचालक को 2100 रुपए का इनाम दिया।

जानकारी के अनुसार, शहर के संतोषी माता मंदिर के पास न्यू सुपर लांड्री को संचालक पंचम रजक ने बताया कि बुधवार को एक कस्टमर के कपड़े ड्रायक्लीन के लिए आए थे। आज गुरुवार को जब उन कपड़ों को ड्रायक्लीन के लिए लगाया था, इससे पहले जेब चैक की तो पता चला कि उसमें 500 के 100 नोट रखे हुए थे। इसकी सूचना फोन पर ग्राहक को दी थी और आज (शुक्रवार को) ग्राहक के घर पहुंचकर ड्रायक्लीन किए हुए कपड़ों के साथ 50 हजार रूपए भी लौटा दिए। लांड्री संचालक ने बताया कि मुझे किसी भी तरह का लालच नहीं आया और जिसकी अमानत थी उन्हें उसे वापस लौटाकर अपना फर्ज निभाया है। ग्राहक ने खुश होकर 2100 रुपए की इनाम लांड्री के संचालक पंचम रजक को भेंट की साथ ही धन्यवाद भी दिया।



## 160 प्रभुजियों को भोजन कराया

### मानव अधिकार प्रोटेक्शन ऑफ इंडिया की जिला इकाई की सराहनीय पहल




**शिवपुरी।** मानव अधिकार प्रोटेक्शन ऑफ इण्डिया की जिला इकाई शिवपुरी ने अपना घर आश्रम में जाकर वहां रह रहे मानसिक रूप से अस्वस्थ बेसहारा जिन्हें उनके है परिवार जनों ने सड़क पर लावारिस हालत में मरने के लिए छोड़ कर हमेशा के लिए भूल जाते हैं, उन्हीं बेसहारा लोगों को समाज सेवी उन्हें अपने साथ इस अपना घर आश्रम में लेकर उनकी बेहतर देखभाल आवास व्यवस्था, भोजन, चिकित्सा, मानसिक स्वास्थ्य सुधार हेतु ले आते हैं और उन बेसहारों को प्रभुजी नाम दिया मानव अधिकार प्रोटेक्शन ऑफ इंडिया की जिला इकाई शिवपुरी ने उस आश्रम में जाकर शिवपुरी जिलाध्यक्ष विष्णु श्रीवास्तव जी की पत्नी की पुण्य तिथि के अवसर पर उन 160 प्रभुजियों को अपने हाथ से भोजन कराया साथ ही इकाई प्रभारी एवं प्रांतीय सदस्य मधुर श्रीवास्तव, सचिव आशीष सक्सैना,सह सचिव एवं मीडिया प्रभारी घनश्याम शर्मा एवं शिवपुरी जिला चिकित्सालय के सेवा निवृत सिविल सर्जन डॉ.पी.के. खरे ओर अन्य समाज सेवी के वी श्रीवास्तव,दुष्यंत माथुर, जगमोहन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## कड़कड़ती सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को जैन मिलन ने बांटे कंबल और आवश्यक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शहर के वह लोग जो इस भीषण कड़कड़ाती सर्दी का सामना कर रहे है ऐसे जरूरतमंदों के बीच समाजसेवी संस्था जैन मिलन शिवपुरी के द्वारा पहुंचकर उन्हें सर्दी से बचाव को लेकर गरम कंबलों का वितरण किया गया साथ ही जरूरी सामग्री भी प्रदाय की गई।

इस जनसेवा का अनुकरणीय कार्य जैन मिलन अध्यक्ष मनोज जैन, सचिव विकास जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि इन दिनों पड़ रही कड़कड़ाती सर्दी के बीच कई ऐसे लोग जो इस मौसम का सामना कर रहे है ऐसे परिवार को सर्दी से बचाव के लिए जैन मिलन संस्था के द्वारा गरम कंबलों का वितरण किया गया साथ ही शहर के तात्याटोपे पार्क परिसर, प्रायवेट बस स्टैण्ड एवं रेल्वे स्टेशन पर भी कई ऐसे जरूरतमंद नजर आए जो इस सर्दी के मौसम में ठिठुर रहे थे ऐसे सभी जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण किया साथ ही आवश्यक जरूरी सामग्री भी प्रदाय की गई जिसमें मोजे, कबंल, टोपे, ड्राई फ्रूट्स, बिस्कुट, फल, मिष्ठान आदि का वितरण किया जा रहा है। इस सेवा कार्य में जैन मिलन अध्यक्ष मनोज जैन, सचिव विकास जैन, कोषाध्यक्ष आशीष जैन, सतीश पंचरत्न, विमल जैन, मुकेश जैन, भानु प्रकाश जैन, अल्पेश जैन, नरेंद्र जैन, प्रमोद जैन, पवन जैन एवं पलाश जैन आदि शामिल रहे।



## नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित



**अशोकनगर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला पंचायत सदस्यं उप निर्वाचन 2023 का कार्यक्रम जारी किया गया है। जिला अशोकनगर की जनपद पंचायत ईसागढ के निर्वाचन क्षेत्र वार्ड क्रमांक 05 में जिला पंचायत सदस्य के रिक्त पद हेतु मतदान 27 जनवरी को प्रातः 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होगा। निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिला पंचायत सदस्य के रिक्त पद हेतु निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए नोडल अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गये है। उसका निर्वहन समय पर पूर्ण सजगता के साथ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदान दलों एवं मतगणना दलों के गठन,प्रशिक्षण के संबंध में विस्तृत निर्देश देते हुए निर्वाचन राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था संबंधी कार्य को पूर्ण सजगता के साथ किये जाने के निर्देश दिए।

### 7 जनवरी को आगरा में होने जा रहा है पिच्छिका परिवर्तन समारोह

## कल आगरा में समारोह के दौरान प्रस्तुति देगा युवा वर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

ताज नगरी आगरा में विराजमान मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में होने वाले पिच्छिका परिवर्तन समारोह में अपनी संस्कृतिक प्रस्तुति देने अशोकनगर का दिगंबर जैन युवावर्ग अपनी प्रस्तुति प्रदान करेगा। 7 जनवरी को आयोजित होने वाले इस समारोह में 80 युवाओ का दल अशोकनगर से आगरा के लिए रवाना हुआ है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए युवा वर्ग के संरक्षण विजय धुर्रा ने बताया कि इस हेतु युवा दारा कई महीनों से इस हेतु सुलभ अखाई, सचिन एन एस, अंकित छाया, रितेश वेलई, टिंकल एन के निक्की , अमित खजूरिया के नेतृत्व में टीम ने सभी आवश्यक कार्यो को अंतिम रूप दिया।संगीत के साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुति में बालिका युवा वर्ग द्वारा समारोह के दौरान विभिन्न भजनों पर नृत्यो की प्रस्तुति दी जाएंगी जिसका अभ्यास बालिका वर्ग द्वारा निरंतर किया जा रहा है। यह सभी प्रस्तुतियां पिच्छिका परिवर्तन समारोह की मुख्य मंच से दी जाएगी।इसके साथ ही श्री दिगम्बर जैन महिला युवा वर्ग द्वारा महा पूजन आगरा में सम्पन्न की जायेगी। इस हेतु महिला युवा वर्ग अध्यक्ष अभिलाषा जैन पारस गोल्डन दारा दीपा अखाई, वर्षा जैन, रीना धुर्रा ,नैन्सी जैन, पूजा जैन ,रीना वर्तन नीतू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोकोदय तीर्थ में मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज, क्षुल्लक गम्भीर सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य नगर गौरव प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भइया के मंत्रोच्चार के साथ चल रहे श्री चैबीस समवशरण महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी एवं दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी द्वारा दृव्य भेंट की जायेगी।



